BSES

अब वॉट्सऐप पर लीजिए अपना बिजली का बिल

नई दिल्लीः 23 जनवरी। अब आप वॉट्सऐप पर भी अपना बिजली का बिल मंगवा सकते हैं। अपने उपभोक्ताओं के बीच बड़े पैमाने पर वॉट्सऐप के इस्तेमाल को देखते हुए बीएसईएस ने *बिल ऑन वॉट्सऐप* नामक यह सुविधा शुरू की है। इसके साथ ही, बीएसईएस, वॉट्सऐप पर बिजली का बिल उपलब्ध कराने वाली दिल्ली की पहली डिस्कॉम बन गई है। पहले चरण में बीएसईएस के साउथ और वेस्ट दिल्ली के उपभोक्ताओं के लिए यह सुविधा लॉन्च की गई है। उनके रेस्पॉन्स को देखते हुए इसे पूर्वी और मध्य दिल्ली में भी लागू किया जाएगा।

कैसे मंगवाएं वॉट्सऐप पर अपना बिजली बिल

हैश का निशान डालें, बिल टाइप करें, अपना नौ अंकों का सीए नंबर डालें और फिर उसे बीआरपीएल के वॉट्सऐप नंबर 9999919123 पर भेज दें। ऐसा करते ही आपके बिजली बिल की कॉपी, जिसे डुप्लिकेट बिल कहा जाता है, आपके वॉट्सऐप पर आ जाएगा।

लोकप्रिय मैसेजिंग ऐप वॉट्सऐप पर बीएसईएस की यह तीसरी सेवा है। इस ऐप की लोकप्रियता को देखते हुए बीएसईएस ने इससे पहले भी वॉट्सऐप पर दो सेवाएं लॉन्च की हैं। बीएसईएस उपभोक्ता वॉट्सऐप के माध्यम से बिजली गुल और बिजली चोरी की शिकायत भी दर्ज करवा सकते हैं। ताकि वॉट्एसेप पर दी जा रही सेवाओं में कोई रूकावट न आए, इसके लिए बीएसईएस ने इसे सैप और आईओएमएस जैसे प्लेटफॉर्म्स से भी जोड़ा है।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक– ये सेवाएं भविष्य की हमारी योजनाओं की एक झलक भर है। आने वाले महीनों के दौरान हम ऐसी कई नई व इनोवेटिव सेवाएं लॉन्च करने जा रहे हैं। अपने नये प्रयासों के तहत, बीएसईएस ने कई वॉलेट कंपनियों से भी साझेदारी की है, ताकि बीएसईएस उपभोक्ताओं के बीच डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित किया जा सके। इन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि आज बीएसईएस के पास 90 प्रतिशत से ज्यादा भुगतान नॉन–कैश माध्यमों से आ रहा है।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।

....